धमकी से कोई डरने वाला नही ,भ्रष्ट लोगों की जगह होटवार जेल में ही .....बाबूलाल मरांडी

2024में फिर से एक बार,मोदी सरकार बनाने का आह्वान

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष आज सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस ,झामुमो,राजद छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पटका पहनाकर सभी का स्वागत एवम अभिनंदन किया।

इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह,प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह भी उपस्थित रहे।
सरोज सिंह ने ऑनलाइन सदस्यता दिलाई ।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मण राम ने किया।
इस अवसर पर लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष एवम पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह,भगत दयानंद यादव,ओमप्रकाश गुप्ता ,पूर्व विधायक हीरा राम तूफानी भी उपस्थित थे।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में मनिका जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह,गारू प्रखंड की पूर्व जिला परिषद सदस्य शिल्पा कुमारी,मनिका की पूर्व प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी एवम गढ़वा जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार तूफानी के नेतृत्व में सैकड़ों शामिल हैं।

मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवम शुभकामनाएं दी।

श्री मरांडी ने कहा कि आज इंडी एलायंस को जनता नकार चुकी है।
उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। चारो तरफ लूट मची है।खान,खनिज,बालू पत्थर,कोयला ,जमीन की लूट हो रही। बिचौलिए दलाल सत्ता के संरक्षण में फल फूल रहे हैं।

कहा कि ईडी की कारवाई से मुख्यमंत्री भागे फिर रहे। अब तो वे कैबिनेट से ऐसे फैसले ले रहे जैसे झारखंड को कोई अलग देश हो जहां भारत की संसद से पारित कानून लागू नही।

उन्होंने वैसे पदाधिकारियों पर भी निशाना साधा जो कैबिनेट केलिए ऐसे प्रस्ताव तैयार करते हैं जो संविधान का विरोधी हो।

उन्होंने कहा कि भागने,डराने से कानून नही डरता है। भ्रष्ट लोगो को कानून के हाथों आना ही पड़ेगा।
श्री मरांडी ने कहा कि राज्य के भ्रष्ट मुख्यमंत्री की जगह अब होटवार जेल में ही है।वहीं वे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

उन्होंने कहा कि झामुमो बिकाऊ पार्टी है जिसने राज्य के आंदोलन को बेचा। इसे राज्य की जनता से कुछ भी लेना देना नही।झामुमो,कांग्रेस ,राजद को केवल परिवार और पैसे की चिंता रहती है।
उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है।और जो विकास दिखता है वह भाजपा सरकारों ने किया है।
उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में अलग राज्य का सपना साकार हुआ।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,से गांव को शहर से जोड़ा गया।पुल पुलिया बनाकर आवागमन को सुलभ किया।

आज मोदी सरकार गांव,गरीब,किसान, आदिवासी दलित पिछड़े महिला युवा सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही। पीएम आवास योजना,उज्जवला गैस योजना,उजाला योजना,जनधन खाता,आयुष्मान कार्ड,पीएम विश्वकर्मा योजना,किसान सम्मान निधि जैसे अनेक कल्याणकारी योजनाओं ने गांव गरीब का जीवन खुशहाल किया है। 80करोड़ लोगो तक मुफ्त 5किलो ग्राम राशन प्रति माह पहुंचाया जा रहा।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार चावल भी लूट रही।

उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भ्रष्ट हेमंत सरकार से ऊब चुकी है और जल्द निजात चाहती है।

उन्होंने कहा कि भारत की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों देश का भविष्य सुरक्षित देख रही है।जनता मोदी जी के साथ खड़ी है।
उन्होंने 2024में एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने केलिए पूरी तरह जुट जाने का आह्वान किया।

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि परिवार वादी पार्टियां देश और राज्य का भला नहीं कर सकती।ये भ्रष्टाचार केलिए सत्ता चाहती हैं,विकास केलिए नही।
उन्होंने देश और राज्य में फिर से भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया।

मनिका जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने भाजपा प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बड़ी उम्मीद से झामुमो कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार बनाने केलिए जी जान से मेहनत किया था लेकिन सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया।
हेमंत सरकार में राज्य को बेरोजगारी,अशांति और भ्रष्टाचार के सिवा कुछ नहीं मिला।

शिल्पा कुमारी ने कहा कि राज्य की प्रगति भाजपा ही कर सकती है। आज देश में नरेंद्र मोदी जैसे नेता की ही आवश्यकता है।
उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के कार्यों को आगे बढ़ने केलिए भाजपा की सदस्यता ली हूं।

गायत्री देवी ने कहा कि राज्य बाबूलाल मरांडी के हाथों में आगे बढ़ेगा।विकास करेगा।

अरविंद कुमार तूफानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब कोई काम की पार्टी नहीं रही।इससे देश और राज्य का भला नहीं होने वाला।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस आदिवासी,दलित,पिछड़ों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती है।इनकी भलाई केलिए कांग्रेस ने कभी कुछ नहीं किया।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में रंजित प्रसाद,सागर यादव, ऊषा देवी, महेंद्र लोहरा, साजिद अंसारी, मुरारी ठाकुर, कलाम अंसारी,कामेश्वर यादव, जमुना शर्मा, अमरेंद्र यादव,उपेंद्र उरांव,उपेंद्र सिंह,कृष्ण यादव,प्रमोद प्रसाद,त्रिपुरारी सिंह,राजू प्रसाद,अंकित मिश्र ,धर्मेंद्र पांडेय,विजय मेहता,जितेंद्र पासवान,बंधु राम,रवि गोंड सहित अन्य शामिल हैं